E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.........................**

## आदेश

प्रस्तुत वाद श्री राहुल कुमार (Emp. Id. SKN00873), संविदा समाप्त, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पारित आदेश ज्ञापांक–5222 दिनांक–23.06.2023 के विरूद्ध अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार के समक्ष दायर किया गया था। दिनांक–01.07.2024 को अपीलीय प्राधिकार द्वारा निदेशालय आदेश ज्ञापांक–5222 दिनांक–23.06.2023 को निरस्त करते हुए अपील वाद को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को पुनः सुनवाई हेतु Remand किया गया।

उक्त के आलोक में वाद की पुर्नसुनवाई हेतु निश्चित तिथि/समय की सूचना आवेदक को दी गई।

सर्वप्रथम दिनांक–26.07.2024 को वाद की सुनवाई निर्धारित की गयी।

आवेदक उपस्थित। आवेदक द्वारा बताया गया कि निदेशालय पत्र सं0–2949 दिनांक–25.04.2023 द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण की प्रति मुझे उपलब्ध नहीं कराई गयी और न ही मुझे सुनवाई का मौका दिया गया। अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि निदेशालय पत्र सं0–2949 दिनांक–25.04.2023 की प्रति उनके ई–मेल आई0डी0–rahulapr005@gmail.com पर 25.04.2023 को समय 05:43 PM पर प्रेषित किया गया है।

सुनवाई के दौरान पीठासीन पदाधिकारी द्वारा आवेदक को पुनः निदेशालय पत्र सं0–2949 दिनांक–25.04.2023 की प्रति हाथों–हाथ उपलब्ध करा दी गयी। साथ ही निदेशालय पत्रांक–13804 दिनांक–19.09.2024 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु उनके ईमेल rahulapr005@gmail.com पर सूचित किया गया।

आवेदक द्वारा दिनांक–01.10.2024 को अपना स्पष्टीकरण प्रतिउत्तर निदेशालय को समर्पित किया गया।

तत्पश्चात् दिनांक–10.01.2025 को सुनवाई की तिथि निर्धारित करते हुए आवेदक को सूचना दी गयी। आवेदक अनुपस्थित। पुनः सुनवाई की तिथि 10.02.2025 एवं 28.02.2025 को निर्धारित की गयी, जिसमें आवेदक अनुपस्थित थे।

समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत पाया गया कि स्पष्टीकरण में वर्णित तथ्य एवं आवेदक द्वारा पूर्व में दाखिल अपील अभ्यावेदन में कोई भिन्नता नहीं है। आवेदक द्वारा कोई नया तथ्य/साक्ष्य समर्पित नहीं किया गया है।

आवेदक सुनवाई की निर्धारित तिथि– 10.01.2025, 10.02.2025 एवं 28.02.2025 को लगातार अनुपस्थित रहे। उक्त से स्पष्ट है कि आवेदक को सुनवाई में कोई रूचि नहीं है। आवेदक द्वारा कोई नया तथ्य/साक्ष्य समर्पित नहीं किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में श्री राहुल कुमार (Emp. Id. SKN00873), संविदा समाप्त, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया के वाद को खारिज किया जाता है।

ह0/–
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.......1149.......पटना, दिनांक :–10/03/2025

प्रतिलिपिः– श्री राहुल कुमार (Emp. Id. SKN00873), संविदा समाप्त, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया, ईमेल–rahulapr005@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

10/03/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.......1149.......पटना, दिनांक :–10/03/2025

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

10/03/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.......1149.......पटना, दिनांक :–10/03/2025

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/03/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.......1149.......पटना, दिनांक :–10/03/2025

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

10/03/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.......1149.......पटना, दिनांक :–10/03/2025

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

10/03/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–40/2023.......1149.......पटना, दिनांक :–10/03/2025

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/03/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप